**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**22 मई** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रदेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ता–डीए में की दो प्रतिशत की बढ़ोत्तरी। एक जनवरी दो हजार छब्बीस से लागू होगा बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति राम औतार सिंह बने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष। राज्य सरकार ने चार अन्य सदस्यों की भी नियुक्ति की।
- जूनियर नेशनल रोइंग चौंपियनशिप के समापन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। कहा– अब खेल के साथ विभिन्न क्षेत्रों में भारत के सामर्थ्य को प्रदर्शित कर सकते हैं देश के युवा।
- जनगणना 2027 के तहत आज से शुरू होगी मकानों की गणना।

**********

प्रदेश सरकार ने कल राज्य के सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता–डीए दो प्रतिशत बढ़ा दिया। अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए। आदेश के मुताबिक बढ़ा हुआ भत्ता कर्मचारियों को एक जनवरी दो हजार छब्बीस से दिया जाएगा। पहले राज्य कर्मचारियों को अट्ठावन प्रतिशत डीए मिलता था। अब उन्हें साठ प्रतिशत डीए का लाभ मिल सकेगा।

**********

प्रदेश सरकार ने पांच सदस्यीय पिछड़ा वर्ग आयोग के लिए अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति कर दी है। हाल ही में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आयोग के गठन को स्वीकृति प्रदान की गई थी।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश न्यायमूर्ति राम औतार सिंह को इस नए पांच सदस्यीय आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि सेवानिवृत्त अपर जिला न्यायाधीश बृजेश कुमार और संतोष कुमार विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त आईएएस डॉ० अरविन्द कुमार चौरसिया और एस०पी० सिंह को आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। इस आयोग पर प्रदेश में आगामी त्रिस्तरीय ग्रामीण स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग के लिए सीटें आरक्षित करने की जिम्मेदारी होगी। आयोग के सभी सदस्यों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने से छह महीने की अवधि के लिए होगा। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर सभी राज्य विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य किया जाएगा। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सभी शिक्षण संस्थानों में यूनिफॉर्म व्यवस्था लागू की जाएगी, जिससे छात्र–छात्राओं के बीच समानता और अनुशासन की भावना को बढ़ावा मिलेगा।

**********

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल कहा कि भारत ने कृषि उत्पादन बढ़ाकर, खाद्य सुरक्षा को मजबूत करके और लाखों किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाकर विश्व के सामने एक नया आदर्श प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रोम में खाद्य और कृषि संगठन के एग्रीकोला मेडल से सम्मानित किए जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की।

**संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य और कृषि संगठन ने एग्रीकोला मेडल से उनको सम्मानित किया है, इससे देशवासियों का सीना गर्व से भर उठा है, माथा उन्नत हुआ है। प्रधानमंत्री जी के जो प्रयास हैं ये एफएफओ ने कहा है। भुखमरी मिटाना, गरीबी कम करने के प्रयास करना, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और उत्पादकता एग्रीकल्चर के क्षेत्र को बढ़ाना ये उनके ऐसे काम हैं, जो सचमुच में अभूतपूर्व और अद्भुत हैं।**

**********

बीते माह नौ से तेईस अप्रैल तक मनाए गए पोषण पखवाड़े में गोरखपुर जिला गतिविधियों के आयोजन व फीडिंग के मामले में प्रदेश में अव्वल रहा है। यह जानकारी गोरखपुर के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिनव मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष दो हजार चौबीस से ही जिले को विभिन्न श्रेणियों में लगातार तीसरी बार प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने का गौरव प्राप्त हुआ है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में आयोजित जूनियर नेशनल रोइंग चौंपियनशिप के समापन समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलने के कारण अब देश के युवा खेल के साथ विभिन्न क्षेत्रों में भारत के सामर्थ्य को प्रदर्शित कर सकते हैं।

**मैं देख रहा था कि पिछली सरकारों में कोई खेल नीति नहीं थी, हमने उत्तर प्रदेश में सरकार बनने के बाद खेल नीति विकसित की। हमने इंटरनेशनल चौंपियनशिप में और नेशनल चौंपियनशिप में जिन भी खिलाडियों ने मेडल प्राप्त किये हैं, ऐसे 534**

**खिलाडियों को हम लोगों ने उत्तर प्रदेश सरकार में सीधी भर्ती के माध्यम से उनके मेडल के आधार पर पुलिस में डेप्युटी एसपी का पद भी, राजस्व विभाग में भी और अन्य विभागों में भी हमने उनको समाहित किया है, उनको सीधे नियुक्ति प्रत्युत्तर दिया है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी–जीबीसी फाइव प्वाइंट जीरो के संबंध में इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने कहा कि जीबीसी फाइव प्वाइंट जीरो के अंतर्गत हर जिले में निवेश होना चाहिए। उन्होंने जिलों की 'पर कैपिटा इन्कम' बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए मैन्युफैक्चरिंग पावर को बढ़ावा देना जरूरी है। श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में भूमि की मांग तेजी से बढ़ी है। इसके सापेक्ष भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि एफडीआई को आमंत्रित करने के लिये व्यापक स्तर पर प्रयास किये जायें। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

जनगणना–2027 के तहत सात मई से चल रही स्वगणना प्रक्रिया में कल शाम तक करीब छियालीस लाख तिरानवे हजार सात सौ तिरासी लोगों ने हिस्सा लिया। राज्य भर में आज से जनगणना कर्मी घर घर जाएंगे। एक रिपोर्ट–

**स्वगणना करने वाले अग्रणी जनपदों में शाहजहांपुर पहले स्थान पर है जहां लगभग 2 लाख 96 हजार लोगों ने स्वगणना की। दूसरे नंबर पर आजमगढ़, जबकि तीसरे स्थान पर बरेली रहा। राजधानी लखनऊ में लगभग 98 हजार लोगों ने स्वगणना की। राज्य की जनगणना निदेशक और मुख्य जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने बताया कि अगले चरण में जनगणना कर्मी घर घर जाकर फॉर्म भरवाएंगे। जिन लोगों ने स्वगणना के तहत अपनी जानकारी पोर्टल में दर्ज करा दी है, उन्हें 11 अंकों वाले कोड को प्रगणक के घर आने पर देना होगा, जिससे जानकारी का सत्यापन होगा। यह प्रक्रिया 22 जून तक चलेगी। समाचार कक्ष से सुशील चन्द्र तिवारी।**

**********

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में संयुक्त सचिव पृथुल कुमार कल एक दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गोरखपुर दूरदर्शन और आकाशवाणी केन्द्र गोरखपुर का निरीक्षण किया तथा प्रसारित किए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। संयुक्त सचिव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत दोनों केन्द्रों पर पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर दूरदर्शन और आकाशवाणी से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**********

केन्द्र सरकार ने देश में कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस और एलपीजी के पर्याप्त भंडार की उपलब्धता का भरोसा दिलाया है। नई दिल्ली में कल पश्चिम एशिया की स्थिति पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि आपूर्ति स्थिर है और सभी पेट्रोल पंपों पर उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

**हमारी रिफाईनरीज ऑप्टिमम कैपेसिटी पर ऑपरेट कर रही हैं, ताकि जो देश की डिमांड है उसको मीट किया जा सके। इसके अलावा रिफाईनरीज में एलपीजी प्रोडक्शन को रैंप–अप किया गया है और लगभग 46 से 47 हजार टन एलपीजी देश की रिफाईनरीज में बनाई जा रही है।**

सुश्री शर्मा ने नागरिकों से केवल जरूरत के हिसाब से ही खरीदारी करने और ऊर्जा बचत की सलाह दी।

**********

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। बांदा जिला कल भी लगातार देश का सबसे गर्म जिला बना रहा। राज्य के कई अन्य जिलों में भी तापमान छियालीस डिग्री सेल्सियस के पार रहा। हमारे संवाददाता ने बताया कि राज्य की राजधानी लखनऊ में भी कल पारा तिरालिस दशमलव छः डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से पांच डिग्री अधिक था। प्रदेश में रात में तापमान तीस डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के कारण जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में भीषण लू जारी रहने की चेतावनी दी है। इस बीच, जबर्दस्त गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्यों को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

**********

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी –एनटीए ने यूजीसी–नेट जून दो हजार छब्बीस के लिए आवेदन तिथि तेइस मई तक बढ़ा दी है। पहले बीस मई तक ही आवेदन किए जा सकते थे। जिन छात्रों को भरे हुए आवेदन पत्र में कोई त्रुटि सुधार करना है, उनके लिए एनटीए पचीस से सत्ताइस मई तक आधिकारिक वेबसाइट पर करेक्शन विंडो खोलेगा।

**********